Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 14-01-2022 | अंक 114

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**

बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम महाबर मोड़ के पास एक गैस टँकी गाड़ी नम्बर आरजे 09 6ए 7438 को पीछे से स्विफ्ट कार नम्बर जेएच10बीड़ी 2882 ने टक्कर मार दी जिससे स्विफ्ट में सवार दो लोग बुरी तरह से घायल जो गए दोनों घायलों की पहचान नही हो पाई है वे कुछ भी बताने में असमर्थ थे समाचार लिखे जाने तक दोनों घायलों को सामुदायिक अस्पताल बरकट्ठा में इलाज किया जा रहा था प्रत्यक्षदर्शियों कद अनुसार टक्कर इतनी तेज थी स्विफ्ट कार टैंकलोरी में पीछे से 6 फीट घुस गया ।





### आज का पंचांङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---15.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु:---हेमन्त
माह:---पौष
पक्ष:---शुक्ल पक्ष
तिथि:---त्रियोदशी तिथि
दिन:---शनिवार
नक्षत्र:---मृगशिरा नक्षत्र
योग:---ब्रह्म
करण:---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:42
सूर्यास्त : संध्या 05:18
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि मे दिन 10:03 मिनट तक उपरांत मिथुन राशि मे
आज का राहूकाल दिन :---09:00 बजे से दिन :--10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास:---आज पुत्र कामना हेतु प्रदोष त्रियोदशी व्रत होगा। तथा आज मकर शांक्रांति होगा आज पंचांग व कंबल दान के साथ नदी स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होता है जो नदी नहीं जा सके वह एक चुटकी तिल दे कर स्नान कर सकते हैं।



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# आज़ादी के अमृत महोत्सव पर एकल अभियान की ओर से 20 लाख बार सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य

## एकल अभियान बरही अंचल की ओर से ऑनलाइन बैठक का आयोजन, बनी रणनीति, मिला दायित्व

## 16 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगा सूर्य नमस्कार करो अभियान, सबसे जुड़ने की अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर एकल अभियान की ओर से 20 लाख बार सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य रखा गया है । यह कार्यक्रम 16 जनवरी से 23 जनवरी तक कुल आठ दिनों तक चलेगा। सूर्य नमस्कार की 20 लाख की लक्ष्य को पूरा करने की वृहत कार्ययोजना को लेकर एकल अभियान बरही अंचल की अ०नलाइन बैठक शुक्रवार को किया गया। अध्यक्षता हज़ारीबाग़ भाग अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं संचालन राजू पांडेय जी ने किया। बैठक में बरही अंचल समिति के सचिव कृष्णा प्रजापति मुख्य रूप से शामिल रहे। बैठक में अभिषेक कुमार ने बताया कि आ. जादी के अमृत महोत्सव पर एकल अभियान ने 20 लाख सूर्य नमस्कार करने का लक्ष्य रखा है। हज़ारीबाग़ जिले के सभी 411 विद्यलयों मे अध्यन्नरत बच्चे, उनके परिजन, ग्राम समिति एवं एकल अभियान के पंचमुखी शिक्षा योजना से जुड़े लोग इसमे शामिल होंगे। राजू पांडेय जी ने बताया कि सूर्य नमस्कार आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश भक्ति की जज्बा पैदा करने के उद्देश्य से 20 लाख बार सूर्य नमस्कार की कार्य योजना बनाई गई है। यह कार्य योजना 16 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगा। इन आठ दिनों में एकल अभियान के अलावे प्रत्येक भारतीय को सूर्य नमस्कार करना है। ताकि देश के प्रति उनका समर्पण परिलक्षित हो। बैठक में सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को सूर्य नमस्कार कराने, आंकड़ा संकलन करने के साथ साथ प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई। सभी ने संकल्प लिया कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है। ईमानदारी पूर्वक निष्ठा के साथ पूरा करेंगे। अ०नलाइन बैठक में हिरामन साव , कृष्णा प्रजापति, राज कुमार पांडेय, ओम प्रकाश कुमार, संदीप चंद्रवंशी, नरेश पासवान, मनोज कुमार, जयंती देवी, शिला देवी, मीना देवी, धनंजय पांडेय, कपिल महतो, नन्दकेशरी देवी, प्रकाश पंडित, लवली रोज, महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार महतो, संजू देवी, सरिता देवी, सुरेश महतो , सरिता देवी लक्ष्मी कुमारी आदि लोग मौजूद रहे।



ॐ मित्राय नमः
om mitrāya namaḥ
*Prostration to Him who is affectionate to all.*
ॐ रवये नमः
om ravaye namaḥ
*Prostration to Him who is the cause for change.*
ॐ सूर्याय नमः
om sūryāya namaḥ
*Prostration to Him who induces activity.*
ॐ भानवे नमः
om bhānave namaḥ
*Prostration to Him who diffuses Light.*
ॐ खगाय नमः
om khagaya namaḥ
*Prostration to Him who moves in the sky.*
ॐ पूष्णे नमः
om pūṣne namaḥ
*Prostration to Him who nourishes all.*
ॐ हिरण्यगर्भाय नमः
om hiranyagarbhaya namaḥ
*Prostration to Him who contains everything.*
ॐ मरीचये नमः
om marīcaye namaḥ
*Prostration to Him who possesses rays.*
ॐ आदित्याय नमः
om ādityāya namaḥ
*Prostration to Him who is God of gods.*
ॐ सवित्रे नमः
om savitre namaḥ
*Prostration to Him who produces everything.*
ॐ अर्काय नमः
om arkāya namaḥ
*Prostration to Him who is fit to be worshipped.*
ॐ भास्कराय नमः
om bhāskarāya namaḥ
*Prostration to Him who is the cause of lustre.*







# आरएसएस एवं विहिप ने बेन्दगी, करियातपुर एवं गुडिओ में मनाया मकर संक्रांति,

## चूड़ा, गुड़ तिलकुट खिलाकर दी एक दूसरे को शुभकामनाएं

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर समरसता का उत्सव बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत, करियातपुर पंचायत और गुड़ियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले बड़े उत्साह से एक दूसरे को चूड़ा तिलकुट और गुड खिलाकर मनाया गया । गुडियों में बौद्धिककर्ता उत्तर पूर्व क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू,मुख्य शिक्षक नंद किशोर कुमार, प्रार्थना वाचक गुरुदेव गुप्ता, सुभाषित कैलाश ठाकुर द्वारा लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच वैजनाथ यादव मौजूद रहे। बरही शाखा में बौद्धिक कर्ता चंदन कुमार सिन्हा, मुख्य शिक्षक राज किशोर गुप्ता , प्रा. र्थना वाचक बलराम केसरी, सुभाषित हर्ष कुमार के द्वारा लिया गया मौके पर स्वंय सेवक प्रदीप चंद्रवंशी, राजेश केसरी, सुनील कुमार सोनी, अशोक विश्वकर्मा, सनी कुमार, गोविंद साहू, विवेक चंद्रवंशी, कृष्णा गुप्ता, बाल्मीकि साहू, डॉ विजय कुमार, रमेश ठाकुर, रितेश कुमार, इंद्रदेव गुप्ता, रामअवतार साहू, रघु मोदी,सुरेश यादव मुखिया दशरथ यादव,सहदेव शर्मा,सुनील यादव ,उमेश राम,सोना पंडित ,विक्की कुमार,रंजन कुमार दिलीप कुमार,रोहित कुमार,छोटेलाल पा. सवान ,दिलीप यादव ,इन्द्रदेव यादव ,विनोद नागमणि,शामिल रहे।



मकर संक्रांति मनाते आरएसएस एवं विहिप के लोग

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

पुरहरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार बरही निवासी मुरली राणा घायल हो गए। घायल को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।



APEM
LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हेमन्त सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया झारखंड का एक और लाल, लालजी यादव : रंजीत चन्द्रवंशी

### अधिकारियों को बचाने के लिए सीआईडी जांच की हुई है अनुशंसा, सीबीआई जांच की मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



रंजीत चन्द्रवंशी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने दारोगा लालजी यादव की आत्महत्या मामले को गहरी साजिश बताया। उन्होंने कहा कि तेज तर्रार थाना प्रभारी लालजी यादव हेमन्त सरकार के भ्रस्टाचार के भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ईमानदार और युवा पदाधिकारी हेमन्त सरकार में फैले भ्रष्टाचार से संघर्ष कर रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें जान से भी हांथ गंवाना पड़ रहा है। रूपा तिर्की मामले कि कड़ी की तरह है लालजी यादव का मामला। उन्होंने कहा कि इस घटना की सीबीआई जांच से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मामले की रफा दफा करने के लिए और अपने अधिकारियों को बचाने के लिए सीआईडी जांच के आदेश दिए गए हैं। हेमन्त सरकार में जरा भी नैतिकता बची है तो सीबीआई या हा. ईकोर्ट के जजों की एक कमेटी बनाकर जांच की जाए। श्री चन्द्रवंशी के कहा कि मौत से पूर्व लालजी कई पुलिसकर्मियों से यह कहते हुए सुने गए थे, कि वे मुंह खोल देंगे तो बड़े–बड़े पदाधिकारियों के चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। इससे साफ है कि साजिश के तहत मौत के मुंह मे लालजी यादव को धकेल दिया गया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील, ईमानदार व तेजतर्रार पुलिस अफसर आत्महत्या कर ले यह समझ से बाहर है। जिला परिवहन पदाधिकारी की टेलीफोनिक अनुशंसा पर लालजी यादव को निलंबित कर दिया गया। इससे साफ पता चलता है कि गहरी साजिश के तहत पहले निलंबित किया गया फिर मौत के मुंह मे धकेल दिया। यह पुलिस सिस्टम में सुनियोजीत भ्रष्टाचार का उदाहरण है।

## पतंजलि की ओर से योगाचार्य ने कराया रामनगर में सूर्य नमस्कार

### प्रतिदिन 13 बार सूर्य नमस्कार करने से होता शारिरिक एवं मानसिक विकास : अनिल मिश्रा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



सूर्य नमस्कार कराते योगाचार्य अनिल मिश्रा

आजादी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में रामनगर बरही में अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसमें योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने ला. ेगों को योग के माध्यम से सूर्य नमस्कार करवा कर उसके महत्व से अवगत कराया। लोगों को सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि प्रतिदिन लोग 13 बार सूर्य नमस्कार करते है, तो आप कई तरह के जटिल बीमारी से निजात पा सकते हैं । उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार करने वाले लोग जल्दी अपना पंजीयन करा लें। पंजीयन कराकर सूर्य नमस्कार करते हैं तो उन्हें प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाएगा । अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 करोड लोग सूर्य नमस्कार कर रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं । इसलिए आप भी इस रिकॉर्ड के साक्षी बन सकते हैं। इसके लिए आपको भी सूर्य नमस्कार करना पड़ेगा । मौके पर योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा , भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के प्रभारी नरेश यादव, योग विस्तारक इंद्रदेव गुप्ता, नरेश यादव, योगेंद्र राणा, संजय राणा, डॉ विनोद कुमार,योग शिक्षक सुनील कुमार, राजेंद्र केशरी, पूर्व मुखिया बिना उरांव , आशीष केसरी, जयराम केसरी, मोनू जायसवाल आदि लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी भुवनेश्वर यादव ने बिरहोरों के साथ मनाया मकरसंक्रांति

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बिरहोर परीवार के साथ मकरसंकांती मनाते भुनेश्वर यादव

बरही विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी भुवनेश्वर यादव ने बरसोत पंचायत के बरियठ्ठा में पहुँचकर बिरहोरों के साथ मक. रसंक्रांति मनाया। साथ ही सभी को लाइन में बिठाकर चुड़ा, गुड़, तिलकुट एवं दही खुद से सभी के थालियों में परोसा। वहीं उन्होंने कहा कि बिरहोर समुदाय के लोग अब विलुप्त होने के कगार पर है। और मुझे इन लोगो के साथ खुशियाँ बाटकर मुझे बहुत खुशी होती है। मौके पर फिरदौश खान, राजकुमार यादव, दिवाकर पाठक, उमेश यादव, शिवनंदन यादव, राजेश यादव, तौफीक अंसारी, मनोज यादव, संतोष यादव, शिक्षक दिनेश यादव, सुनील यादव, शशिकांत शशि, बचन यादव, रामदेव यादव, मनोज यादव, युगलकिशोर यादव, सहदेव यादव एवं अशोक यादव सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरएसएस करियातपुर शाखा ने दुलमाहा में शाखा लगाकर मनाया मकर सक्रांति पर्व

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




मकरसंकांती मनाते आरएसएस के लोग

शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करियातपुर शाखा के द्वारा चिन्हित सेवा गांव बढ़िवाटांड दुलमहा में शाखा लगाकर मकर सक्रांति महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव के बौद्धिककर्ता हजारीबाग जिला मुख्य मार्ग प्रमुख दयानंद चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस महा. ेत्सव में स्वयंसेवकों के साथ साथ लगभग 250 ग्रामीण शामिल हुए। सभी पंक्ति में बैठकर एक साथ चुड़ा, गुड, दही और तिलकुट खाने का आनंद लिया। बौद्धिक कर्ता दयानंद चौरसिया ने बताया कि आज हम अपने धर्म और संस्कृति की अज्ञानता के कारण दुसरे धर्म और संस्कृति में हम आकर्षित हो रहे हैं, हमें इससे बचना होगा। धर्म की दर्शनहीनता ही हमें धर्मा. धता की ओर ले जा रही है जो हमारे धर्म के लिए घातक है।आज अपने धर्म को नजदीक से दर्शन करने की आवश्यकता है। नजदीक से दर्शन करने पर ही हमारे अंदर दार्शनिक विचार का प्रादुर्भाव होगा। जन जन में दार्शनिक विचार का प्रादुर्भाव से ही हमारे समाज, धर्म ही नहीं अपितु राष्ट्र और विश्व का कल्याण संभव है।लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताना होगा। कोडरमा जिला गौ प्रमुख गोविंद जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक वर्ष के 6 पर्वों में से मकर संक्रांति महोत्सव भी एक पर्व है। इस दिन हम लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर चूड़ा दही ग्रहण करते हैं, जिससे समरसता का बोध होता है। आज के महोत्सव में मंडल प्रमुख चंदन कुमार केसरी, करियातपुर शाखा कार्यवाह संतोष कुमार प्रजापति, मुख्य शिक्षक धर्मेंद्र कुमार पंडित, गणित शिक्षक कैलाश प्रसाद केसरी, करियातपुर केशव सेवक शिवकुमार शर्मा, उदय केशरी, विनोद केसरी, बादल केसरी, प्रवीण केसरी, मुन्ना सोनी, शशि सोनी, रितेश केसरी, सागर चंद्रवंशी, विनोद केसरी कपड़ा दुकान सहित अन्य लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## टीकाकरण कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास उत्पन्न होगा : प्राचार्य एके सिंह

### 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सहयोग से 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए कोविड 19 टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा दशम और एकादश वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन बच्चों में कोविड 19 टीक. ाकरण के प्रति भारी उत्साह देखा गया । बच्चों ने यह बताया कि इस टीक. ाकरण के माध्यम से उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हा. ेगा। जिससे वे कोविड बीमारी से लड़ पाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें 15 से 18 वर्ष के बच्चे लाभांवित होंगे ।प्राचार्य महोदय ने कहा कि भारत सरकार और झारखंड सरकार के सहयोग से सभी लोगों के बीच में कोविड,19 बीमारी के प्रति जागरूकता फैल रही है। वे कोवीड 19 के लक्षणों के प्रति सावधान भी रह रहे हैं और उससे बचने के रास्ते भी अपना रहे हैं, तथा दूसरों को भी बचने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं ।इस टीकाकरण कार्यक्रम से बच्चों में विश्वास उत्पन्न होगा जिसके माध्यम से वे बच्चे अपने शिक्षण में सफलतापूर्वक आगे बढ़ पाएंगे । मौके पर 100 से ज्यादा बच्चो ने वैक्सीन लिया। इस कार्यक्रम के सफल संच. ालन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के समस्त कर्मचारियों और डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के शिक्षक शिक्षिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।




कोविड टीका लेते डीएवी स्कूल के बच्चे

## मकरसंक्रांति पर सूर्यकुण्ड में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : प्रखण्ड के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सूर्यकुण्डधाम में मकरसंक्रांति को लेकर शुक्रवार को भारी संख्या में लोग पहुँचे एवं गर्म कुंड में डुबकी लगायी। बताया जाता है कि सुबह 4 बज़े से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी ।जहाँ महिलाओं की काफ़ी भीड़ उमड़ी ।लोगो ने कुंड में स्नानादि कर मंदिर में पूजा अर्चना और दान पुण्य किया। बता दें कि सूर्यकुण्डधाम के ऐतिहा. सिक व धार्मिक महत्व के कारण मकरसंक्रांति के अवसर पर हर साल भीड़ उमड़ती है ।इस वर्ष कोरोना के कारण बीते वर्षो की अपेक्षा भीड़ कम थी ।दूसरे राज्यो से आनेवाले श्रद्धालु इस बार नही पहुंच सकें। गौरतलब है कि मकर स्नान को लेकर लोगो में खासा उत्साह देखा गया ।वहीं महिला पुरुष सूर्यकुण्डधाम परिसर स्थित प्राचीन मंदिर, सूर्यमन्दिर, राधा-कृष्ण मंदिर आदि मंदिरों में आस्था के साथ पूजा अर्चना करने में मशगूल रहे। सूरजकुंड में पूजा अर्चना कर सन्ताना. ेत्पत्ति की इच्छापूर्ति के लिए मन्नत मांगी ।लोगो मे ऐसी आस्था है कि सूर्यकुण्ड के मुख्य गर्म जलधारा में आंवला डालकर पूजा करने से मनवांछित इच्छा की पूर्ति होती है। सूर्यकुण्ड परिसर के हर तरफ़ लोगो की भीड़ दिखी। ध्यान रहे कोरोनाकाल के कारण इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेला का आयोजन बंद है जिससे क्षेत्र में निराशा है ज्ञात हो इस वार्षिक मेले से आ. सपास के सैकड़ो लोगो को रोजी रोजगार मुहैया होता था जो कोरोना प्रतिबंध के कारण नही हो पा रहा है ।



सुर्यकुण्ड मे उमडी श्रद्धालुओं की भिड




## समाजसेवी संजय यादव ने यंग पावर क्रिकेट टीम चार माइल के बीच क्रिकेट किट किया वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

खोड़ाहार पंचायत के चारमाइल गावं में समाजसेवी सह भावी जिला परिषद प्रत्याशी संजय यादव ने यंग पावर क्रिकेट टीम को खेल सामग्री का वितरण किया। जिसमें क्रिकेट किट का वितरण किया गया। इस दौरान टीम के कप्तान रोहित यादव उपकप्तान अनुज यादव, टीम के कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव मौजूद रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं स्वयं एक खिलाड़ी रहा हूँ इसी खिलाड़ी भावना ने आज मुझे जनता की सेवा करने का मौका दिया है। श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का बढ़ावा देना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। जिला परिषद प्रत्याशी संजय यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। आए गए जनप्रतिनिधियों कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया, उन्होंने ये प्रतिभाओं को निखारना चाहते हैं। सिर्फ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होने से प्रत्याशी सो ही गए हैं, जबकि जिन्हे समाज और क्षेत्र की चिंता और वे आज भी कायम हैं। इस दौरान खिलाड़ी रोहित यादव, पवन यादव, अनुज यादव, सुधीर पासवान, राहुल यादव, सचिन, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, रामप्रवेश यादव, सुबोध पासवान, नीतीश, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, बालकिशन यादव, मुकेश पासवान, रामाशीष पा. सवान, कारू, सुमित.आदि ग्रामीण मौजूद रहे।




क्रिकेट किट वितरण करते संजय यादव

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कनीय अभियंता सत्यदेव के प्रयास से आंगो एवं नगड़ी फिटर में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बिजली सब स्टेशन में कार्य करवाते कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार।

बड़कागांव बिजली स्टेशन में पिछले कई माह से आंगो एवं नगड़ी फिटर में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर खराब होने के कारण बिजली विभाग एवं ग्रामीणों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। समस्या को देखते हुए बिजली विभाग बड़कागांव एवं केरेडारी के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार के अथक प्रयास से आंगो एवं नगड़ी फिटर में नया वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाई गई। ताकि जान माल के नुकसान से लोगों को बचाया जा सके। बताते चलें कि वेक्यूम सर्किट ब्रेकर खराब रहने के कारण पिछले कई माह में कई बार 11000 पावर वोल्ट संचालित तार गिर जाया करता था जिसके कारण फसलों को नुकसान के अलावा कई मवेशियों की जान भी जा चुकी है। अब वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगने से उक्त फिटर में कहीं भी श०र्ट सर्किट होने के बाद तुरंत ब्रेकर डाउन हो जाएगा जिससे हो रही नुकसान से लोगों को बचाया जा सक.`गा। कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने बताया कि जहां भी बिजली से सं. बंधित समस्या हो ग्रामीण तुरंत इसकी जानकारी विभाग को दें ताकि उक्त समस्या को दूर किया जा सके। वही बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करने की अपील की है। लोगों को अनावश्यक रूप से बिजली नहीं जलाने की सलाह दी गई है।

## कान्हाचट्टी स्टैट बैंक पांच माह से है शाखा प्रबंधक विहिन

### ग्राहकों को लेन देन एवं ऋण लेने में हो रही है परेशानी

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : कान्हाचट्टी भारतीय स्टेट बैंक शाखा में पिछले पांच माह से किसी भी शाखा प्रबंधक की पोस्टिंग नहीं कि गई है।शाखा प्रबंधक की पो. स्टिंग नहीं होने के कारण ग्राहकों को काफी परेशानी हो रहा है।बैंक में स्टाफ नहीं रहने के कारण ग्राहकों को के वाई सी जैसे जैसे छोटे छोटे कामो के लिए एक एक सप्ताह बैंक की चक्कर काटने पड़ रहा है।बैंक में देर शाम तक भीड़ भी लगी रहती है।ग्राहकों को बैंक से लोन आदि भी नही किया जा रहा है।चुकी स्थायी रुप से जब तक कोई शाखा प्रबंधक नहीं आ जाते है ऋण सेंक्शन नही होता है।वहीं सरकार द्वारा किसानों को अधिक से अधिक के सी सी लीन मुहैया कराया जाए।लेकिन ब्रांच मैनेजर नहीं रहने के कारण किसानों को के सी सी का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

चार स्टाफ की है बैंक में सीट : कान्हाचट्टी भारतीय स्टैट बैंक शाखा में कुल चार स्टाफ की सीट है।जिसमे एक मैनेजर,एक क्लर्क और दो कैशियर का सीट है।लेकिन वर्तमान में एक फील्ड अफसर एवं एक कैशियर मात्र कार्यरत है।ग्राहकों ने शुक्रवार को बताया की बैंक कान्हाचट्टी के ग्राहकों को केवल मूर्ख बना रही है।बैंक का काम केवल कैस बांटना नहीं होता है बल्कि क्षेत्र के विकास किसानों को के सी सी एवं अन्य तरह के ऋण महैया कराने की भी जिम्मा होती है।ग्राहकों ने कहा कि यदि एक सप्ताह में एक मैनेजर और एक कैशियर नहीं बैंक में दिया गया तो बैंक में ही ग्राहक ताला जड़ देंगे।

## चौपारण से चोरी कोयला लदा ट्रक को चतरा पुलिस के सहयोग से किया बरामद, दो गिरफ्तार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**







हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र से लुटा गया कोयला लदा एक ट्रक को चतरा सदर थाना पुलिस ने किया बरामद। चतरा एसपी को मिली सूचना के बाद चतरा सदर थाना स्थित केशरी चौक पर रात के लगभग 10 बजे चौपारण टीम व सदर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से उक्त वाहन सहित दोनो लुटेरों को किया बरामद। उक्त बातो की जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि चौपारण चतरा मोड़ स्थित अ०टो सर्विस सेंटर से कोयला लदा ट्रक संख्या जेएच 02 एके 1248 का चोरी होने की सूचना मिली। अवलिम्ब एएसआई गणेश हांसदा के अगुवाई में टीम गठित कर उक्त ट्रक का पीछा किया गया। उधर सूचना के बाद चतरा पुलिस भी सक्रियता दिखाकर उक्त वाहन को जप्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक सचिन कुमार यादव उम्र लगभग 19 वर्ष पिता स्वर्गीय घनश्याम यादव व सहयोगी शशि कुमार दाँगी उम्र 21 वर्ष पिता बैजनाथ यादव दोनों दरियातु, सदर चतरा को चौपारण थाना कांड सख्य 12/22 धारा 379/411/34 के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

## झारखण्ड प्रकोष्ठ के सौजन्य से झारखंडी चौपाल का आयोजन

**अपेम लाइवः चौपारण**



झारखण्डी चौपाल मे मौजुद मनोज यिंह व अन्य

भारतीय जनता पार्टी उत्तर पश्चिम मुम्बई प्रकोष्ठ सेल अंतर्गत झारखण्ड प्रकोष्ठ सेल मुम्बई द्वारा झारखंडी चौपाल लगाया गया। झारखंड भाजपा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मुंबई अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिंह की अगुवाई में प्रवासी झारखंड के मजदूरों को लेकर चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल के कार्यक्रम की शुरुआत मुम्बई भाजपा उपाध्यक्ष एवं झारखण्ड सेल प्रभारी अमरजीत मिश्रा के द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम लालजी कंपाउंड हाल मोरेस होटल के सामने मरोल मिलिट्री रोड अंधेरी ईस्ट मुंबई में आयोजित किया गया। इस बाबत ठाकुर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड से आने वाले युवाओं को मुंबई में उनकी पढ़ाई लिखाई के आधार पर प्रा. ईवेट नौकरी मिलता है। वहीं जो अनपढ़ रहते हैं, उन्हें भी यहां हर हाल में काम मिल जाता है। मुंबई मेरा अभिमान है और यह हमारी यह कर्मभूमि है। ठाकुर मनोज कुमार सिंह की मानें तो आने वाले मुंसिपल चुनाव में झारखंड के उम्मीदवार भी नजर आएंगे। जिसकी तैयारी पूरे जोर-शोर के साथ की जा रही है। झारखंड चौपाल कार्यक्रम में भाजपा मुम्बई उपाध्यक्ष एवं झारखण्ड सेल प्रभारी अमरजीत मिश्रा, झारखण्ड मुंबई सेल अध्यक्ष ठाकुर मनोज सिंह, झारखण्ड सेल उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता, राजेश फुल. वरिया नगर सेवक चेंबूर, मीडिया प्रभारी झारखण्ड सेल सतुधन सिंह, जिला अध्यक्ष झारखंड सेल झरीलाल पंडित, कैलाश पंडित, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पंडित, राजू पंडित, किशोरी राणा, विशाल भगत, उमेश राने, मुर्जी पटेल समेत तमाम झारखण्ड सेल पधाधिकारी सहित अन्य पार्टी से जुड़े लोग शामिल रहे।

प्रो0- नरेश प्रजापति
मो0- 6299699176
9122662308

सागर टेन्ट हाउस

नोट:-हमारे यहाँ कैटरिंग एवं वेटर का सुविधा है।
पताः रसोईया धमना, बरही, हजारीबाग - 825405

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरीडीह खंड के द्वारा मकर सक्रांति उत्सव मनाया गया।

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



आज 14 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरीडीह खंड के 10 मंडलो में मकर संक्रांति उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।लेदा मंडल प्रमुख कृष्ण जी और बंदरकुप्पी मंडल प्रमुख आकाश गुप्ता ने इसकी जानकारी दी है।की आज रास्ट्रीय स्वमसेवक संघ अपनी 6 उत्सवों में एक मकर संक्रांति उत्सव है।जिसमे दही चुरा ,और तिलकुट का सेवन किया जाता है।यह उत्सव हमें एकजुट रहने का प्रेरणा देता है।आज गिरीडीह खंड के धर्म जागरण प्रमुख की बौद्धिक हुआ।जिसने अपने बौद्धिक में कहा कि सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर प्रवेश करेगा आज से दिन धीरे-धीरे बढ़ेगा।तिल स्नान करना बहुत शुभ माना गया। मौके पर गिरीडीह खंड के कार्यवाह बबलू जी,प्रमोद जी, संजय कुमार,आकाश कुमार,कृष्ण कुमार,राज. कुमार जी,संतोष जी आदि उपस्तित थे।

## जिप सदस्य मो0 इमरान अंसारी ने गरीबों के बीच किया कम्बल का वितरण

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**


गरीबों को कंबल विजरण करते इमरीन अंसारी

गांवा, गिरीडीह : गांवा प्रखंड भाग 01 के जिला परिषद सदस्य मो0 इमरान अंसारी ने शुक्रवार को जमडार पंचायत के जमुआ गांव में गरीब और असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान जमडार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बलराम भी मौजूद थे। उक्त संबंध में जीप सदस्य मो0 इमरान अंसारी ने बताया की कड़ाके की ठंढ को देखते हुए यह कम्बल वितरण का काम किया जा रहा है ताकि इससे गरीब और सहाय जरूरतमंदों को थोड़ी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है की क्षेत्र के हर गरीब लोगो तक सहयोग पहुंच सके और उनको मदद कर सके। बेसहारा और जरूरमंद गरीबो को मदद पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। मौके पर टीनुपाल गुप्ता, अर्जुन शर्मा, बहादुर मुर्मू, उदय साव, सुधीर साव, मो0 अनवर, मो0 सुल्तान समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिरिडीह पूर्वी मंडल कमिटी द्वारा राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री आदरणीय बाबूलाल मरांडी के जन्मदिन पर टिकोडीह में कम्बल वितरण किया गया

**अपेम लाइवः गिरिडिह**
**चंदन पांडेय**



कंबल वितरण करते मंडल कमिटि के लोग

विगत 11 जनवरी को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी का 64वाँ जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कई जगहों पर केक भी काट गये, बच्चों के बीच मिठाइयाँ बांटी गई। कई सुदूरवर्ती गाँवों में आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब, असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। आज उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गिरिडीह पूर्वी मंडल कमिटी द्वारा टिकोडीह गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन कर मा0 बाबूलाल मरांडी जी का जन्मदिन मनाया गया। मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सुरेश साव उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों के बीच कम्बल का वितरण कर आदरणीय बा. बूलाल मरांडी जी को दीर्घायु होने का आशीर्वाद देने का आग्रह भी किया गया। लाभान्वित ग्रामीणों ने सहृदयतापूर्वक आशीर्वाद देते हुए पुनः राज्य के मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जाहिर की। ग्रामीणों ने कहा कि इनके कार्यकाल में राज्य ने चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रहा था लेकिन इनके कार्यकाल के बाद सब ने केवल राज्य के विकास की चिंता जरूर जताई पर किसी ने उस ओर कोई कार्य नहीं किया। उक्त कार्यक्रम में गिरिडीह पूर्वी मंडल की कमिटी के पदाधिकारियों समेत जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या, रामबाबू साव, प्रदीप राय, प्रेमचंद दास, भागवत साहू, बबलू साव, टिंकू साव, कमल साव, दिलीप साव, जानकी साव, उमाशंकर साव आदि उप. स्थित थे।

## गिरिडीह जिला तैलिक साहू महासभा के द्वारा पिहरा में किया गया कम्बल का वितरण।

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**


गरीबों को कंबल वितरण करते तैलिक साहु महासभा के लोग

गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित साहू समाज भवन में शुक्रवार को गिरिडीह जिला तैलिक साहू महासभा के द्वारा गरीबो के बीच 150 कम. बलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला तैलिक साहू महासभा के कई पदाधिक. ारी मौजूद रहे। इस दौरान तैलिक साहू महासभा के जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ पिहरा में ही नही बल्कि पूरे जिला में किया जा रहा है। हमलोगों ने जिला सभी पंचायतों में कम्बल वितरण कर गरीबों को राहत पहुंचाने का काम किया है। साथ ही कोरोना काल के दौरान तैलिक महासभा ने फूड पैकेट बा. टना, टीकाकरण कैम्प लग. वाना, गरीबो को मदद करना आदि कई काम किये जिसके कारण हमें सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि तैलिक महासभा गरीबो और असहायों को सहयोग कर हमेशा अपना सामा. जिक कर्तब्य निभाने का काम किया है। मौके पर संगठन सचिव देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, स्थानीय मुखिया मो0 सबदर अली, सांख मुखिया प्रवीण साव, पसनौर मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार साव, श्याम सुंदर प्रसाद साह, संजय साहू, वृजनन्दन प्रसाद साहू, रामचंद्र साहू ,मनोज साहू, मनोज गुप्ता ,धर्मेंद्र कुमार साहू ,राजेश गुप्ता, वीरेंद्र कुमार आर्य, राजमणि पांडे, राहुल कुमार, कौशल किशोर, अमित गुप्ता समेत दर्जनों लोग उपस्थित हुए।




## अर्जुन मंडल बनाये गये बीस सूत्री सदस्य

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**


अर्जुन मंडल

बरनी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पड. रमनिया निवासी युवा झामुमो नेता अर्जुन मंडल को झारखंड सरकार द्वारा गठित बीस सूत्री का सदस्य बनाया गया। जिस पर बिरनी प्रखंड झामुमो कमिटी ने स्वागत किया है। वहीं इस नियुक्ति पर झामुमो नेता श्री मंडल ने कहा कि इसके लिए मैं बिरनी प्रखंड टीम, विधायक सुदिव्य कुमार सोनु, जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत मुख्यमंत्री हेमंत सौरेन को धन्यवाद देता हुँ, साथ हीं उन्होंने कहा कि मैं सबों के बीच समन्वय स्थापित कर जन समस्याओं को समाधान करने की कोशिश करूंगा। झारखंड सरकार गठन के बाद से हीं इसे गठित करना आवश्यक था जिसे अब जाकर गठित किया गया। इस बीच श्री मंडल को बीस सूत्री सदस्य बनाये जाने पर असगर अंसारी, राजू अंसारी, मजीद अंसारी, संतोष कुमार, अमीत यादव ,नारायण बैठा,द्वारिका मंडल,मनोहर दास,दशरथ मंडल,गांगो मंडल समेत बिरनी प्रखंड के तमाम सामाजिक बुद्धिजीवियों और कई सामाजिक संगठनों ने बधाई दिया।

दिनांक: 14-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## नवाबजार थानेदार लालजी यादव मौत की सीबीआई जांच करवाये सरकार नही तो होगा आंदोलन : राहुल यादव

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : पलामू जिला के नवाबजार थाना प्रभारी लालजी यादव की सन्देहास्पद मौत पर राष्ट्रीय यादव सेना के गावां प्रखंड अध्यक्ष राहुल यादव ने झारखंड सरकार से इस मामले का सीबीआई जांच करवाने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी बालू माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ बेहतर कार्यवाई कर रहे थे फिर भी थाना प्रभारी को हटा दिया जाना कैसा आदेश है। ऐसा लगता है कि एस पी ने बालू माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने के लिए



**राहुल यादव**

लालजी यादव को लाइन हाजिर किया था। लालजी यादव के परिवार को पहुँचने से पहले लालजी यादव का पोस्टमार्टम आनन फानन में करवा दिया गया। राहुल यादव ने कहा कि वरीय अधिकारियों की कार्यशैली से प्रतीत होता है कि उनकी मौत कहीं साजिस के तहत तो नहीं किया गया। वहीं अमरदीप निराला ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के सरकार में ल० एंड अ०र्डर पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। झारखंड में अपराधियों के गठजोड़ से सरकार चल रही है। इस सरकार में हर वर्ग के लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। यदि इस मामले में झारखंड सरकार सकारात्मक पहल नहीं करती है तो राष्ट्रीय यादव सेना के बैनर तले पूरे राज्य में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## थाना प्रभारी लालजी यादव की संदेहास्पद मौत पर गावां में निकाला गया कैंडल मार्च

**अपेम लाइवः गॉवॉ**
**मुजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : नवाबाज़ार थाना प्रभारी लालजी यादव की संदेहास्पद मौत को लेकर राष्ट्रीय यादव सेना के बैनर तले शुक्रवार को गावां में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान लोगों ने कहा कि थानेदार लालजी यादव एक गरीब किसान का बेटा था जिन्होंने मेहनत के बदौलत उस मोकाम तक पहुंचा लेकिन वहां के एसपी को यह गवारा न गुजरा और उन अधिकारियों ने मिलकर लालजी यादव को इतना पड़ताडित किया कि वो बेचारा आत्महत्या करने पर बाध्य हो गया। इसलिए उसकी मौत को आत्महत्या नही बल्कि हत्या माना जाए और लालजी यादव को पड़ताडित करने वाले


**कैंडल मार्च मे शामिल लोग**

अधिकारियों पर कार्यवाई किया जाए। कैंडल मार्च में शामिल नौजवानों ने सरकार से मांग किया कि लालजी यादव को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके परिवार के सदस्य को सरकारी नौ. करी दी जाए और परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआबजा दिया जाए। कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, गुंडागर्दी चरम पर है और कानून नाम का कोई चीज है ही नही। मौके पर राष्ट्रीय यादव सेना के कार्यकर्ता समेत सभी वर्गो के सैंकड़ों लोग शामिल थे।

## डोर टू डोर टीकाकरण के तहत 15 से 18 वर्ष के युवाओं को लगा टीका

**अपेम लाइवः धनवार**
**रौशन अली**

एक ओर जहां राज्य में प्रतिदिन कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं वंही दूसरी ओर कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरजोर कोशिश की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीक. ाकरण में भी तेजी लाई जा रही है। कई क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनवार प्रखंड के गोरहन्द गांव में शुक्रवार को डोर टू डोर टीक. ाकरण अभियान चला कर 15 से 18 वर्ष के युवक-युवतियों को पहला टीका लगाया गया। इस अभियान के तहत कई व्यस्क लोगों को भी पहला व दूसरा टीका लगाया गया। दर्जन से अधिक 15 से 18 युवा वर्ग के लोगों को पहला टीका लगा गया। साथ ही 18 से ऊपर वर्ष के 37 लोगों को पहला व दूसरा टीका लगाया गया। इस दौरान एएनएम मधुबाला सेविका हेमंती देवी पोषन सखी सोभा देवी बिट्टू कुमार नंदलाल यादव रूपलाल यादव देवेंद्र राणा इंद्रजीत यादव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



## बिरनी के बिस सूत्री अध्यक्ष बने एतवारी वर्मा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष केशोडीह निवासी एतवारी वर्मा , उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय, सदस्य में झामुमो के जितेनद्र पासावन , अर्जुन मंडल ,मजिद अंसारी, कांग्रेस से राहुल कुमार पासवान, सुखदेव दास ,



असलम मलिक, रामकृष्ण वर्मा, को सदस्य बनाए गए है।एतवारी वर्मा को बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बनने पर बिरनी के तमाम सामाजसेवियों बुध्दजीवियों व सामाजिक संगठनों ने बधाई दी है। एतवारी वर्मा ने कहा कि प्रखंड के विकास के लिए हमारा पूरा प्रयास होगा। हमारा दरवाजा चौबीसों घण्टे खुला रहेगा।




**APEM LIVE**

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज


बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बिरनी में एक और भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा, सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता

### इसी तरह सड़क बनेगा, जो करना है कर लो : संवेदक

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी में एक और भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। मामला बिरनी प्रखंड के बरमसिया गांव की है। जहां ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण जिला परिषद सदस्य किरण कुमारी द्वारा लगभग 25 लाख की राशि से 1 किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण कराना है। जिसका उद्घाटन कुछ दिनों पहले जिला परिषद सदस्य किरण कुमारी द्वारा फीता काटकर रोड निर्माण का उद्घाटन ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया था। लोगो की बड़ी आस जग उठा था कि सड़क की उद्घाटन तो हुआ उत्तम सड़क बनने से सड़क की सुविधा मिल जाएगा। लेकिन जैसे ही सड़क बनना शुरू हुआ तो ग्रामीणो के चेहरे में मायूसी छा गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है सड़क का निर्माण जल्दबाजी में जैसे- तैसे चालू किया गया है। इस सड़क का निर्माण इसी गांव के निवासी सह संवेदक जितेंद्र कुमार राम द्वारा कराया जाना है। काम ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य हुआ है पर समतलीकरण करना तो दूर बालू बिछाकर जैसे- तैसे सो. लिंग चालू कर दिया। देखते-देखते कच्चा ईट का प्रयोग किया गया है। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा जालीदार और टूटे हुए सोलिंग का विरोध किया गया तो संवेदक जितेंद्र कुमार राम व सहयोगी द्वारा ग्रामीणों को सीधा जवाब दिया जो भी करना है करो हम ऐसे ही निर्माण करेंगे। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को जानकारी दिया गया। पत्रकार ने कार्य स्थल पर पहुंच कर देखा तो पाया कि मामला सही था। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि कच्चा- गला ईटा से सोलिंग ओर जालीदर कर रहा था। ओर तुरंत बालू से ढकते जा रहा था ताकि पता ना चले जब हमलोग ने देखा। विरोध किया गया तो संवेदक हमलोग को कहा इसी तरह बनेगा जो करना है कर लो। सभी ग्रामीणों द्वारा जोरदार विरोध करते हुए निर्माण कार्य को रूकवाया गया है। इस मामले को लेकर के संवेदक जितेंद्र कुमार राम से सवाल पूछा गया तो कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।इसी मामला को लेकर के जिला परिषद प्रतिनिधि संतोष कुमार से पूछा गया तो उसने बताया कि सूचना हमे ग्रामीणों के द्वारा मिली है संवेदक से बात किया जा रहा है। यदि काम में गड़बड़ी पाया गया तो कार्रवाई होनी तय है तथा संवेदक को बक्सा नही जाएगा।

## करो पुराने कपड़ो का दान ताकि ठंड से बच सके गरीबों का जान, कपड़ा बैंक कि हुई शुरुआत

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**




चौपारण प्रखंड में जरूरतमंदों को निःशुल्क कपड़ा पहुंचाने के उद्देश्य से ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में कपड़ा बैंक का शुभारंभ किया गया। स्थानीय युवाओ की टोली ने इस अभियान की शुरुवात किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए समाजसेवी अजय पासवान ने बताया कि कोई भी ब्यक्ति इस बैंक में अपने घर के वैसे कपड़े जिसका इस्तेमाल आप नहीं कर रहे हैं, वैसे कपड़ों को आप हमारे कपड़ा बैंक में आकर जमा कर सकते है ताकि जरूरमदो तक पहुँचाया जा सके। इस दौरान एक नारा दिया गया कि श्करो पुराने कपड़ों का दान ताकि ठंड से बच सकें किसी ग़रीब की जान। कार्यक्रम के शुरुवात में काफी मात्रा में स्थानीय लोगों ने बैंक में कपड़ा को जमा किया है। जिसे जरूरतमंदों के बीच बांटा जा रहा है। कार्यक्रम में सीताराम बर्णवाल, पंसस टुन्नू वर्णवाल, आरएसएस प्रमुख शेखर गुप्ता, पत्रकार अभिमन्यु सिंह, लखन केसरी, राकेश भारती, विजय पासवान, रणबीर सिंह, गुड्डू वर्णवाल, पंकज वर्णवाल, मनीष सिन्हा, रितेश चन्द्रवंसी, पिंटू केसरी, ईश्वरलाल वर्णवाल, राजीव सिन्हा, मोनू कुमार, जय पासवान, राजीव सिन्हा सहित कई लोग शामिल थे।

## पितिज के मजदूर की दिल्ली में गैस सिलिंडर फटने से हुई मौत, आज गाँव आएगा मृतक अजय का शव

### मंत्री भोक्ता ने कहा मृतक के परिजनों को किया जाएगा आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतरा –पितिज के मजदूर की दिल्ली में गैस सिलेंडर फटने से गुरुवार को मौत विनायक आक्सीजन प्लांट दिल्ली में हो गया। जानकारी के अनुशार पितिज गांव के स्वा.लोकन साव के 45 वर्षीय पुत्र अजय साव दिल्ली के विनायक आक्सीजन गैस प्लांट में एक मजदूर के रुप मे काम करता था।लेकिन गुरुवार को सिलेंडर में काम करते समय सिलेंडर फट गया है जिससे अजय की मौत हो गया।अजय कई वर्षो से प्लांट में मजदूर का काम करता था।अजय के मौत के बाद पूरे गाँव मे मकर सक्रांति गाँव मे फीका पड़ गया।गांव में मातम पसर गया ।परिजनों ने कहा कि शनिवार को शाम तक शव गाँव पहुंचने की उम्मीद है। अजय की मौत के बाद पत्नी उषा देवी और परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल है। परिजन शव आने का बेशब्री से इंतजार कर रहे हैं ।इधर अजय मौत की खबर सुन कर श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने शोक ब्यक्त किया है।श्री भोक्ता ने कहा है कि मृतक की आत्मा को भगवान शांति दें और परिजनों को इस दुख की घड़ी में दुःख सहने की शक्ति दें।उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद भी मैं करूंगा।और हर सम्भव परिजनों को मदद पहुंचेगी। इनके मौत पर पितिज के मुखिया,पूर्व मुखिया,एवं दजनो लोगो ने शोक ब्यक्त किया है ।।

## डाड़ीकला में मकर संक्रन्ति पर मिलान समारोह का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

डाड़ी कलाँ स्थित कर्णपुरा विस्थापित विकास समिति कार्यालय में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार एवं सचिव शमीम अहमद ने संयुक्त रूप से की। वक्ताओं ने विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय, सामाजिक एवं सांगठनिक मुद्दों पर अपना विचार प्रकट किया। साथ ही समिति के उद्देश्यों, संकल्पों तथा कार्य प्रणालियों पर भी विस्तृत चर्चा की। मकर संक्रांति के अवसर पर चुड़ा, दही, तिलकुट का भोज भी हुआ। मौके पर समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव शमीम अहमद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद साबिर हुसैन, उपाध्यक्ष कुलेश्वर राम, उप सचिव रा. जेश रजक, पदुम साव, वाहिद अली, कृष्णा ओझा, रियासत हसन, अजय कुमार दास, अनवर मियां, मोहम्मद हनीफ, रफूल मियां, मशकूर आलम, अब्दुल जब्बार, सुरेंद्र राम, नसरुल्लाह अंसारी, तफज. जुल अंसारी, अजय कुमार, अजीत कुमार, बाबूलाल कुमार, नेमधारी राम, हैदर अली, मोहम्मद जमाल अंसारी, रंजीत साव, रंजीत कुमार, विजय साहू के अलावा दर्जनों लोग उप. स्थित हुए।

## मुरली पहाड़ में मकर संक्रांति को लेकर पूजा एवं मेले का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शामिल ग्रामीण

प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत स्थित प्रसिद्ध मुरली पहाड़ में मकर संक्रांति को लेकर पूजा एवं मेले का आयोजन किया गया। पुजारी सहजू साव के एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर भग. वान को प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाया। पिछले 10 वर्षों से मुरली पहाड़ में मकर संक्रांति पर मेले एवं पूजा का कार्यक्रम आयोजित होते आया है। शुक्रवार को प्रखंड के कई गांवों से शिवभक्त श्रद्धालु मुरली पहाड़ पहुंचकर पूजा एवं मेले में भाग लिए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुखिया सोनी देवी, चंद्रिका साव, संरक्षक चंदर साव, पुजारी सहजू साव, अध्यक्ष द्वारिका साव, सचिव मुकेश कुमार साव, कोषाध्यक्ष गणेश साव, कार्यकारिणी सदस्य सोना साव, प्रसाद साहू , उमेश साहू, देवीलाल साहू, अनिल साहू, मनोज मुंडा ,मनोज साहू, राजू साहू, कुलदीप साहू, जयनंदन कुमार , रामवृक्ष साहू, विकास कुमार ,सत्य कुमार, दीपक साहू, बालेश्वर साव, नरेश साव के अलावा कई गणमान्य विशिष्ट लोग उपस्थित थे।




APEM LIVE